वर्ष- 22 अंक - 56 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 07 अगस्त 2026

## एनटीए के एक्सपर्ट्स ने ही लीक कराया नीट-यूजी का पेपर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट ने परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि पेपर किसी प्रिंटिंग प्रेस से लीक नहीं हुआ था, बल्कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के लिए काम कर रहे विषय विशेषज्ञों ने अपने अधिकृत एक्सेस का दुरुपयोग कर पेपर बाहर पहुंचाया। मामले में दाखिल चार्जशीट पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट 10 अगस्त को संज्ञान लेगी।

# कांवड़ यात्रियों पर हमला, पथराव के साथ तलवार-हथौड़े से वार

**ग्वालियर ● एजेंसी**

ग्वालियर में कांवड़ यात्रा में जा रहे युवकों पर वर्ग विशेष के लोगों ने हमला कर दिया। पहले अर्टिगा कार से कांवड़ ले जा रहे एक युवक को टक्कर मारी। युवक को चोट लगने पर उसके साथियों ने विरोध किया तो अर्टिगा में सवार युवक व इनके साथियों ने हमला कर दिया। इन लोगों के घर भी आसपास ही थे, पूरा मोहल्ला इकट्ठा हो गया और हिंदू युवकों पर हमला किया गया। तलवार-हथौड़े से सिर पर वार किया गया। इन लोगों की ओर से पथराव भी हुआ। एक युवक के सिर में 18 टांके आए हैं। घटना की सूचना मिलते ही हिन्दू संगठनों के लोग पहुंच गए और देर रात तक थाना पर हंगामा किया।

## कश्मीर में संदिग्ध स्कॉर्पियो पुलिस नाका तोड़कर भागी

रामबन.एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के चंदरकोट में श्रीनगर से जम्मू जा रही एक संदिग्ध स्कॉर्पियो पुलिस नाका तोड़कर भाग गई। पुलिस के रुकने के इशारे को नजरअंदाज करने पर जवानों ने वाहन पर तीन राउंड फायरिंग की, लेकिन चालक गाड़ी लेकर नाशरी की ओर फरार हो गया। सुरक्षाबल अब गाड़ी की तलाश कर रहे हैं। इस बीच आतंकियों की बातचीत से यह इनपुट मिला है कि पीओके में चुनाव के बीच पाकिस्तान ने भारत में आतंकी हमले की साजिश रची है।

## न्यूज ब्रीफ...

### आज नए सांसदों से मिलेंगे मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एनडीए से लोकसभा के लिए पहली बार चुने गए सांसदों के साथ नाश्ता बैठक करेंगे। इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस व उद्धव सेना के बागी सांसदों को भी बुलाया गया है।

### पप्पू यादव पर चप्पल फेंकने वाला पहुंचा थाने

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बाहुबली सांसद पप्पू यादव पर चप्पल फेंकने वाले आरोपी सुमित ने शिकायत दर्ज कराई है। पप्पू यादव के खिलाफ मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी के आरोप लगाए गए हैं।

### थाईलैंड के स्कूल में छात्र ने की अंधाधुंध फायरिंग, 2 की मौत

**शुक्रवार.एजेंसी।** थाईलैंड के एक स्कूल में आज एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें एक शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। हमलावर छात्र ने खुद को भी गोली मार ली।

# फिर सुनेत्रा पंवार से मिले प्रशांत किशोर

**मुंबई.एजेंसी।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव जीतने के बाद महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पंवार से मुलाकात की। तीन महीने में यह उनकी दूसरी मुलाकात है। ऐसा लगता है कि सुनेत्रा पंवार भी अपनी पार्टी की रणनीति बनाने के लिए प्रशांत किशोर को हायर कर सकती हैं।

## यमन में हूती विद्रोहियों का भीषण हमला 45 सैनिकों की मौत

**शुक्रवार.एजेंसी।** यमन में हूती (अंसार अल्लाह) विद्रोहियों के किए गए भीषण हमले में कम से कम 30 से 45 सैनिक मारे गए। हूती विद्रोहियों ने मारिब और हद्रमौत प्रांतों में सरकारी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन दागकर हमलों को अंजाम दिया। इन हमलों में घायल सैनिकों की संख्या 50 से ज्यादा बताई जा रही है।

## राहुल के कार्यक्रम को मंजूरी

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर विवाद खत्म हो गया है। केपी पाठशाला ट्रस्ट ने केपी ग्राउंड में कार्यक्रम की अनुमति रद्द कर दी थी, गुरुवार रात ट्रस्ट ने कुछ शर्तों के साथ फिर अनुमति दे दी।

## राहुल के पसंदीदा भाजपा नेता हैं अमरिंदर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान राहुल गांधी से जब यह पूछा गया कि आपका पसंदीदा भाजपा नेता कौन हैं? तो उन्होंने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का नाम लिया और उनकी जमकर तारीफ की। अमरिंदर पहले कांग्रेस में थे। अब वे भाजपा में हैं।

## अचानक हिलने लगा कुंए का पानी उठी लहरें

**मोरबी.एजेंसी।** गुजरात के मोरबी जिले के 18 फीट गहरे कुंए में पानी अजीबोगरीब तरीके से हिल रहा है और समुद्र की तरह लहर भी उठ रही है। कुंए का पानी हिलने से लोगों में भूकंप का डर फैल गया। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश और हवा के कारण यह हो रहा है।

## झारखंड में अनशनकारी छात्र की तबीयत बिगड़ी

**रांची.एजेंसी।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों का आंदोलन शुक्रवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे इस धरने में छह प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। जिनमें एक छात्र राहुल की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाना पड़ा।



# कांग्रेस ने 6 नए राष्ट्रीय सचिव बनाए


Phone (O) : 011-23019320
011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvoffice@gmail.com
Website : www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

August 06, 2026

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has appointed/ reassigned the following party functionaries as AICC Secretaries, attached to the AICC In-charge, Uttar Pradesh, with immediate effect.

1. Shri Abhishek Dutt
2. Shri Kunal Choudhary
3. Shri Jagdish Chander Jangid
4. Shri Sanjeev Arya
5. Shri Varun Choudhary
6. Shri Abdul Hannan

The party appreciates the contributions of the following outgoing AICC Secretaries, attached to the AICC In-charge, Uttar Pradesh.

1. Shri Dheeraj Gurjar
2. Shri Nilanshu Chaturvedi
3. Shri Pradeep Narwal
4. Shri Rajesh Tiwari
5. Shri Satyanarayan Patel
6. Shri Tauquir Alam

(K. C. Venugopal)

## इंदौर के पटेल का दायित्व पूरा हुआ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर कांग्रेस संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने कल पत्र जारी कर एआईसीसी सचिव के रूप में 6 नए पदाधिकारी नियुक्त कर उन्हें उ.प्र. का प्रभार सौंपा। इनमें अभिषेक दत्त, कुणाल चौधरी, जगदीशचंद जांगिड़, संजीव आर्य, वरुण चौधरी, अब्दुल हन्नान शामिल है। कुणाल चौधरी को जीतू पटवारी का करीबी माना जाता है और वे प्रदेश के काला पीपल से विधायक भी रह चुके हैं, जो 6 पुराने सचिव और उ.प्र. के प्रभार से मुक्त किए गए उनमें इंदौर के सत्यनारायण पटेल भी है। वहीं धीरज गुर्जर, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, राजेश तिवारी, तौकीर आलम भी इन पद मुक्त में शामिल है।





# मुख्यमंत्री ने देखी दिल्ली पहुंचकर अंडरग्राउंड मेट्रो की व्यवस्था

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन की व्यवस्था चाकचौबंद हो और साथ ही अंडरग्राउंड ट्रेन का संचालन किस तरह से किया जाए इस पूरी व्यवस्था को समझने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल दिल्ली में अंडरग्राउंड में बैठकर पूरी व्यवस्था देखी। इस दौरान मेट्रो ट्रेन दिल्ली से संबंधित अधिकारी साथ रहे और उन्होंने मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी विस्तार से दी। इसका लाभ अब भोपाल-इंदौर को मिलेगा और अंडरग्राउंड ट्रेन की व्यवस्था को चाकचौबंद करने का काम मुख्यमंत्री करवाएंगे।

# भोपाल में जमे इंदौरी कामले को एक और दायित्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी इंदौरी डॉ. संजय कामले को पटवारी ने प्रारंभिक दौर में ही प्रदेश संगठन महामंत्री बनाकर भोपाल में जमा रखा है। अब कामले को उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ कांग्रेस आलाकमान ने कामले को मप्र कांग्रेस के संपत्ति एवं जायदाद विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने की है। दोहरा दायित्व मिलने पर इंदौर सहित प्रदेश भर के कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई भी दी है।



# भाजपा नेता ने की साध्वी से मुलाकात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल समाज से जुड़े भाजपा नेता रजत गर्ग ने साध्वी ऋतुंभरा से मुलाकात की और रजत गर्ग ने अपने जन्मदिन पर साध्वी से आशीर्वाद भी लिया।



# ताई पहुंची लोकसभा

### स्पीकर से मुलाकात कर लोकसभा भवन का दौरा भी किया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर की कई बार की सांसद रहने के साथ केन्द्रीय मंत्री और लोकसभा में अध्यक्ष का दायित्व निभाने वाली सुमित्रा महाजन ताई दिल्ली लोकसभा भवन में पहुंची थी। वहां उन्होंने वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिड़ला से मुलाकात की। यह सौजन्य भेंट हुई और एक-दूसरे से अनुभव भी सांझा किए। वहीं ताई ने लोकसभा भवन का दौरा भी किया।

# विधायक और जिला अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राऊ विधानसभा की नेनोद ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली राम कमल कॉलोनी में सड़क का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक मधु वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, रामस्वरूप गेहलोत, सुरेन्द्र सोलंकी, राकेश परमार, दिलीप पटेल, हितेन्द्र सोलंकी, जगदीश चौकसे, आसाराम, संजय सांखला, रवि चौधरी, कैलाश चौधरी मौजूद थे।



# छात्र संघ चुनाव को लेकर संघर्ष समिति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

न्यायालय के निर्देश के बाद छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया अब प्रत्यक्ष या मेरिट आधार पर होने का मुद्दा शासन के पास है। इस मामले में कांग्रेस नेता जीतू दीवान ने कहा कि हम लोगों ने संघर्ष समिति बनाकर गत 8 सालों में इस मामले में संघर्ष किया और अब चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली बनाने को लेकर संघर्ष समिति का गठन किया,






जिसमें अध्यक्ष जीतू दीवान, उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, सचिव सफदर नकवी, महामंत्री गायत्री तिवारी, प्रवेश प्रभारी सचिन सेन को बनाया गया है। दीवान ने बताया कि प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने को लेकर राज्यपाल के नाम विश्वविद्यालय कुलपति और सभी कॉलेजों में पहुंचकर प्राचार्यों को ज्ञापन दिए जाएंगे और चरणबद्ध आन्दोलन भी होंगे।



# गीतों की श्रृंखला का लोकार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत वीर दुर्गादास राठौर पर आधारित गीतकार रवींद्र राठौर द्वारा रचित चार गीतों की श्रृंखला का लोकार्पण किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं संतों और समाजजनों का सान्निध्य मिला। हरीश राठौर, मनोज राठौर, मंजुश्री बोड़ाने, धर्मेन्द्र राठौर, चेतन राठौर, समरथ राठौर अजय राठौर, संजय राठौर, गोविन्द राठौर सहित अन्य मौजूद थे।



## इन्दौर से दिल्ली पहुंचे सरपंच ने किया स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिल्ली एआईसीसी भवन में इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन बडे रुप में मनाया गया। देशभर से कई अल्पसंख्यक नेता पहुचे थे। इन्दौर धार रोड स्थित बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल भी पहुंचे और उन्होने इमरान प्रतापगढ़ी का इस्तकबाल किया।

# महापौर ने संतों की मौजूदगी में दिलाई ग्रीन सिटी बनाने की शपथ

### अखंड धाम पर सुखद बरसात की कामना की

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखंड धाम आश्रम बिजासन रोड पर बडी. संख्या में सावन में संत आ भी रहे है और आगे जा भी रहे है। 100 से अधिक संतों की मौजूदगी में भाजपा की निगम परिषद और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के चार वर्ष के कार्यकाल होने पर वहां मौजूद श्रद्धालुओं को शहर को ग्रीन सिटी बनाने की शपथ दिलाई। वहीं 100 से अधिक संतों के सानिध्य में सुखद वर्षा की कामना की। महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, महंत पवनदास महाराज की मौजूदगी भी रही। वहीं महापौर ने देवालयों में पूजन अर्चन भी किया। मुकेश शर्मा, हरि अग्रवाल, भावेश दवे, संत राजानंद महाराज, मुन्ना शाह, धर्मेश यादव, विशाल शर्मा सहित सहित अन्य मौजूद थे।



# मिमरोट और आकाश सिंह बहस के बाद कांग्रेस सोमवार को पहुंचेगी निगम

**बनी रणनीति, करेंगे निगम का घेराव, कहा जा रहा था सोनिला कम बोलती है, लेकिन कल दिखा दिया कि वे बोलना ही नहीं विरोध करना भी जानती है**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कल ठेला-गुमटी उठाने के जनता के मुद्दे मामले में सोनिला मिमरोट ने निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह के साथ जमकर तकरार की और यह तकरार कल रात होते-होते चुनिंदा कांग्रेसियों के बीच बैठक भी की गई और इस बैठक में यह रणनीति भी बनी कि जल्द ही इसी तकरार मुद्दे पर निगम अधिकारी का घेराव किया जाएगा और अब कांग्रेस इस मामले में चुप नहीं बैठेंगी, क्योंकि मामला जनता से जुड़कर जनहित का हो गया। चार साल तक कांग्रेस में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के हटने के बाद यह माना जा रहा था कि निगम के मुद्दे सोनिला मिमरोट उतनी ताकत से नहीं उठा पाएगी, जितनी ताकत से चौकसे उठा रहे थे। अब ऐसा माना जा रहा है कि चौकसे और मिमरोट मिलकर शहर कांग्रेस के अलावा निगम में विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। ऐसा भी माना जा रहा था कि सोनिला कम बोलती है, वे पार्षदों का साथ भी निगम में नहीं ले पाएगी, लेकिन कल उनके तेवर अधिकारी के सामने जिस तरह से थे उससे लग गया कि अब सोनिला चुप नहीं रहेगी। मिमरोट और चौकसे की जोड़ी निगम में विपक्ष की भूमिका कांग्रेस क्री निभाएंगे। कल रात भी कुछ चुनिंदा कांग्रेसियों की बैठक हुई, जिसमें यह तय हुआ कि अधिकारी से तकरार का मुद्दा कांग्रेस उठाए और निगम में अधिकारियों की घेराबंदी भी करें। संभावना है कि अगले सप्ताह के शुरूआत में ही कांग्रेस एक हल्ला मिमरोट के नेतृत्व में बोल दें और निशाने पर अपर आयुक्त आकाश सिंह को लिया जाए। कल जो गुमटियां हटाई गई उनमें पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के अन्तर्गत लोन लेने वाले लोगों की भी गुमटियां थी। कुल मिलाकर अब कांग्रेस अपने पार्षदों का साथ लेकर शहर कांग्रेस और मिमरोट समर्थकों के साथ अब निगम पर किस तरह हल्ला बोलते हैं यह भी देखना होगा।

## अपर आयुक्त को सोमवार घेरेगी नामांतरण घोटाले मुद्दे पर कांग्रेस

**इस मामले में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक निगम में नेताप्रतिपक्ष और पार्षदों के साथ शहर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम सोमवार शाम को पहुंचेगा और अपर आयुक्त आकाश सिंह क्री नामांतरण घोटाले मुद्दे पर घेराबंदी करेगा। इस दौरान कांग्रेसी नारेबाजी भी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि शहर कांग्रेस और निगम नेताप्रतिपक्ष और पार्षद पूर्व में ही 19 अगस्त को मुद्दों पर आधारित घेराव की घोषणा कर चुके हैं, वह आयोजन अलग होगा और यह सोमवार 10 अगस्त को अपर आयुक्त की घेराबंदी क्रेगी। इस पूरे मामले को सोनिला मिमरोट और आकाश सिंह के बीच हुई मुद्दे की तकरार से जोड़कर देखा जा रहा है।**

## कांग्रेस सहप्रभारी की लगातार बैठक के कई दिनों तक दौरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू दो दिनों तक शहर कांग्रेस के 16 वार्ड अध्यक्ष और उनके प्रभारी, महिला प्रभारी की बैठक ले रही है। बैठक 18 वार्ड अध्यक्षों की होना थी, लेकिन दो वार्ड अध्यक्ष कावड़ यात्रा में बाहर गए हैं, इसलिए 18 की जगह 16 वार्डों की बैठक होगी। आज 7 वार्डों की बैठक शुरू हो रही है और शाम 6 बजे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की बैठक भी उषा नायडू लेंगी। कल 9 वार्डों के अलावा कल शाम युवक कांग्रेस की बैठक होगी। सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहेंगे। दो दिन शहर कांग्रेस की बैठक के बाद 9 अगस्त रविवार को जिला कांग्रेस के मंडलम अध्यक्षों की समीक्षा बैठक गांधी भवन में 11 बजे से शाम 6 बजे तक रखी गई है।

## कांग्रेस अजा विभाग को चाहिए मजबूत लीडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

म.प्र. कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक प्रकाश महावर कोली ने बताया कि सभी प्रकोष्ठ और विभाग को आलाकमान ने भंग कर दिया। अब नए सिरे से गठन में अनुसूचित जाति विभाग को ऐसा नेतृत्व प्रदेश संयोजक का देना चाहिए जो संगठन को सम्मान दिलाए और सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को लेकर साथ चले और उनकी बात को सुने। कोली ने कहा कि यह विभाग लम्बे समय से कांग्रेस का सबसे मजबूत सामाजिक आधार रहा है और पुरानी निष्ठा व संघर्षशील व्यक्ति के साथ उनके योगदान को देखते हुए ही संयोजक का पद देना चाहिए और उसी आधार पर प्रदेश के सभी शहर और जिला में नियुक्तियां की जाना चाहिए, जिससे अनुसूचित जाति के समाज और समाजजन कांग्रेस से जुड़ सके।

## गुरु गोविंदसिंहजी का अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कांग्रेस के पूर्व इंदौर संभागीय प्रवक्ता सत्री राजपाल ने बताया कि सोशल मीडिया पर जो आडियो-वीडियो वायरल हुआ है उसमें कानपुर के भाजपा कार्यकर्ता अजय द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के विरुद्ध अत्यंत आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी की गई है। इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि वायरल वीडियो में एक भाजपा नेता खुद को 'भारत सरकार से' बताकर आरोपी की खुलेआम पैरवी कर रहा है और प्रशासन से 'मामले को रफा-दफा' करने की बात कर रहा है। श्री गुरु गोविंद सिंह जी सम्पूर्ण मानवता के आदर्श, त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं। उनके खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा और फिर सत्ता के नाम पर अपराधी को बचाने का प्रयास सिख समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश की धार्मिक भावनाओं पर गहरा आघात है। इस घटना से सिख समाजजनों में रोष है। गुरु के खिलाफ अनर्गल बाते करने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग राजपाल ने की है।



## मंत्री ने लिया संत से आशीर्वाद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पुष्पगिरि तीर्थ सोनकच्छ पहुंचकर पुष्पदंत सागर म.सा. और प्रसन्न सागर म.सा. के दर्शन किए और दोनों संतों से आशीर्वाद भी लिया। 15 और 16 अगस्त को होने वाले पट्टाचार्य महामहोत्सव को लेकर चर्चा भी हुई।

## विकास किया तो पार्षद को फूल मालाओं से लाद दिया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के वार्ड 51 में विधायक महेन्द्र हार्डिया और निगम परिषद के सहयोग से क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया लगातार काम करवा रहे हैं। अब वार्ड के अभिषेक नगर और भगवती नगर में दो मुख्य सीमेंट सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक महेन्द्र हार्डिया, दीपक राजोरिया, रेमसिंह बघेल, भगवती उपाध्याय, रोहित पालीवाल, विक्रम जायसवाल, राम मीणा,लोकेश गुर्जर, बबलू तंवर, लोकेश यादव, सुनील सिंह, रमेश गुर्जर,पवन गुर्जर,राजा चौहान, मुकेश ज़वासिया, योगेंद्र झाला, राजू सुरागे की मौजूदगी में किया गया था। रहवासियों ने अपने विकास कार्य पर अपने पार्षद मलखान कटारिया का सम्मान किया और फूल मालाओं से लाद दिया।



## आम आदमी पार्टी करेगी छावनी चौड़ीकरण मुद्दे पर कल रैली और प्रदर्शन

**आज और कल शाम वहां के लोगों से किया जाएगा सम्पर्क**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आम आदमी पार्टी द्वारा मधुमिलन चौराहा से आरएनटी मार्ग होते हुए छावनी सड़क चौड़ीकरण में टूटे मकानों के मुद्दे पर कल 8 अगस्त शनिवार की शाम 5 से 7 बजे तक दवा बाजार पेट्रोल पम्प पर एकत्रीकरण के बाद रैली प्रदर्शन का आयोजन रखा है। आज शाम 6 बजे से और कल शाम 4.30 बजे से यहां के दुकानदार और रहवासियों के साथ सम्पर्क कर रैली का न्यौता भी दिया जाएगा। रैली के दौरान नारेबाजी और प्रदर्शन भी आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता करेंगे।



## पूर्व विधायक का मनाया स्मरण दिवस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व विधायक चंद्रशेखर व्यास का पुण्य स्मरण दिवस हुजूरगंज कार्यक्रम में मनाया। शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। प्रकाश व्यास, निरंजनसिंह चौहान, जितेन्द्र जैसवाल, सुरेश व्यास, कालीचरण गुप्ता, महेश दुबे, कमल व्यास, के.के. तिवारी,गोविन्द अवस्थी मौजूद थे।

## देशव्यापारी सत्याग्रह आंदोलन को लेकर कल शाम आमसभा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केंद्र सरकार की मजदूर किसान और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 10 अगस्त को देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन देशव्यापी होगा। इस सत्याग्रह के लिए कल 8 अगस्त को मालवा मिल चौराहे पर शाम 5:30 बजे संयुक्त आम सभा होगी। आमसभा में अमेरिका के प्रति बढ़ती आर्थिक निर्भरता के खिलाफ आम जनता को सावधान करने और देश विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त संघर्ष में शामिल होने का आह्वान आमजन से किया जाएगा। श्यामसुन्दर यादव, अरुण चौहान, रामस्वरूप मंत्री, सीएल सर्रावत, रुद्रपाल यादव, हरिओम रघुवंशी, सोनू शर्मा अपनी भूमिका निभाएंगे।

# संभागायुक्त ने किया कलेक्टर का इंतजार

## चार्टर्ड बस से इंदौर का प्रशासन गांव के लिए रवाना

### मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का हुआ शुभारम्भ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के लिए आज सुबह एक बस में बैठकर सारे अधिकारी महू तहसील के गांव के लिए रवाना हुए। इस गांव में पहला शिविर आज आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर कार्यालय पर संभाग आयुक्त तो निर्धारित समय पर पहुंच गए थे लेकिन कलेक्टर लेट हो गए। इसके चलते हुए संभागायुक्त को कलेक्टर का इंतजार करना पड़ा।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का आज शुभारंभ होने जा रहा है। इस अभियान के तहत आज महू तहसील के ग्राम अंबा चंदन में पहला शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए इंदौर के सारे अधिकारी आज सुबह कलेक्टर कार्यालय से चार्टर्ड बस के माध्यम से शिविर स्थल के लिए रवाना हुए। पहले से यह तय किया गया था कि सभी अधिकारी 8:30 बजे बस से रवाना हो जाएंगे संभागायुक्त भास्कर लक्षकार व अन्य अधिकारी समय पर पहुंच गए थे। कलेक्टर शिवम वर्मा वहां पहुंचने में थोड़ा लेट हो गए। ऐसे में संभाग आयुक्त को कलेक्टर का इंतजार करना पड़ा। सुबह करीब 9 बजे चार्टर्ड बस से सभी अधिकारी ग्राम अंबाचंदन के लिए रवाना हुए। इस बस में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति सहित जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी गए। अंबा चंदन गांव में पहुंचकर अधिकारी वहां आयोजित कार्यक्रम एवं जनकल्याण शिविर में सहभागिता करेंगे तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करेंगे। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### जनवरी तक चलेगा अभियान

*अभियान के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा ने आदेश जारी कर बताया कि अभियान आज से 8 जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित स्थानों पर जारी रहेगा। इसको लेकर कलेक्टर वर्मा ने कल कार्यालय में बैठक भी ली थी जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति भी मौजूद थे। बैठक में अभियान को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। आगामी दिनों नगर निगम, नगर परिषद और जनपद पंचायत क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अब 14 अगस्त को नगर निगम इंदौर के जोन क्रमांक-15 में शिविर होगा। 21 अगस्त को जनपद पंचायत सांवेर के लसूड़िया परमार, 11 सितंबर को नगर परिषद गौतमपुरा, 18 सितंबर को जनपद पंचायत महू के कांकरिया, 25 सितम्बर को इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक-6 सहित विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में क्रमवार शिविर आयोजित किए जाएंगे।*

# पानी संकट के बीच नेहरू नगर में गंदा पानी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नेहरू नगर क्षेत्र में वैसे तो पानी का संकट चल रहा है, इसी बीच आज वहां नल में गंदा पानी आने की शिकायत नागरिकों द्वारा की गई। नागरिकों ने अपनी शिकायत क्षेत्र के पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों के समक्ष दर्ज करवाई है। कई दिनों से नेहरु नगर में नर्मदा का पानी बहुत ही कम मात्रा में आ रहा था। जिसके कारण यहां के रहवासी दिन में खाली बर्तन लेकर रोज इधर-उधर भटक कर अपनी रोजमर्रा का काम जैसे-तैसे पूरा कर पा रहे थे। आज सुबह जैसे ही नर्मदा के नल आने का समय हुआ, वैसे ही सभी सभी घरों आवास सुनाई दी, बहुत ही बदबूदार पानी आ रहा है। नल चालू करते ही पूरी नर्मदा की लाइन से घरो में बहुत ही गन्दा पानी आ रहा है। ड्रेनेज का पानी मिला और बदबूदार पानी की वजह से लोगो ने बाल्टी भर कर रोड पर फेंका। आज वार्ड नं 26 झौन क्र 9 नेहरू नगर के लोग रोड पर एक-दूसरे से नल बन्द कर खड़े नजर आये। शहर के रहवासी के बार-बार शिकायत और कम मात्रा में पानी का प्रेशर आने से परेशान है।

# 1.16 करोड के खर्च से यातायात सुरक्षा का फैसला, निगम से यातायात विभाग ने की पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा 1.6 करोड रुपए खर्च कर यातायात सुरक्षा करने का फैसला लिया गया है। निगम की यातायात विभाग के द्वारा इसकी पहल कर दी गई है।**

इंदौर शहर में यातायात की स्थिति कितनी खराब है इसकी जानकारी तो शहर के किसी भी वाहन चालक से ली जा सकती है। शाम के समय पर शहर की सड़क पर निकल जाओ तो हर चौराहे पर जाम लगने के हालात नजर आते हैं। शहर के मध्य का क्षेत्र हो या बाहर का क्षेत्र हो इसमें कहीं कोई अंतर नजर नहीं आता है। इंदौर शहर की पहचान यहां का खराब यातायात बनते जा रहा है। भवन में पार्किंग की जगह नहीं होने के कारण सभी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी की जाती है। ऐसे में गाड़ियां खड़ी होने के कारण सड़क का स्थान पार्किंग में चला जाता है और वहां से वाहनों के गुजरने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती है। शहर की यातायात की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इंदौर नगर निगम जिला प्रशासन और यातायात पुलिस के द्वारा बहुत प्रयोग किए गए हैं। अभी भी प्रयोग करने का सिलसिला जारी है। हर एक महीने में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुलाकर विशेषज्ञों के साथ इस बात पर भी चर्चा की जाती है कि शहर के यातायात को कैसे अच्छा बनाया जाए। इन सारी कोशिशें, प्रयोग और चर्चाओं का कोई सकारात्मक परिणाम शहर में नजर नहीं आता है।

नगर निगम के यातायात विभाग के द्वारा अब यातायात सुरक्षा की दृष्टि से शहर के सभी 22 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में स्थित विभिन्न स्थान चौराहा, मुख्य मार्ग और सड़क पर लगने वाले साइन बोर्ड, जेंट्री बोर्ड बनाने और उनकी रिपेयरिंग करने का काम करवाने का फैसला लिया गया है। इस कार्य को करवाने में जोन क्रमांक 1 से 11 तक के क्षेत्र में 42 लाख रुपए और जोन क्रमांक 12 से 22 तक के क्षेत्र में 74 लाख रुपए का खर्च होगा। वैसे तो यह सब को मालूम है कि इस तरह के बोर्ड लगाने या उन्हें सुधारने से यातायात में कहीं कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों को लगता है इस तरह का बोर्ड लगा दिए जाने से यातायात की सुरक्षा होती है। यही कारण है कि निगम के अधिकारियों के द्वारा इस कार्य पर 1.16 करोड रुपए खर्च करने की पहल की जा रही है।

# कांग्रेस बनाएगी स्थानीय मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति

### *शहर और जिला अध्यक्षों को दिए निर्देश*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

म.प्र. कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 अगस्त को भोपाल में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, दिग्विजयसिंह भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस विपक्ष में है, विपक्षी भूमिका को और मजबूत बनाने के लिए बैठक में कांग्रेस रणनीति बनाएंगी। शहर जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं विधानसभा प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के स्थानीय जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को चिन्हित कर उन्हें संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाएं। कांग्रेस अब राष्ट्रीय और प्रांतीय मुद्दों के साथ-साथ गांव से लेकर राजधानी तक के स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता से जनता के बीच ले जाएगी। भाजपा ने प्रदेशभर में सहकारी आंदोलन को गंभीर रूप से कमजोर किया है। किसान मंडियों में परेशान है, कमीशनखोरी हावी है, किसानों से मंडी शुल्क वसूला जा रहा है, नगर निगम और नगर पालिकाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। पेयजल व्यवस्था बदहाल है और जनता को दूषित पानी मिलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इंदौर जैसे बड़े नगर निगम में दूषित पानी से लोगों की मौतें होना सरकार की गंभीर विफलता का प्रमाण है। श्री नायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश के खेल संगठनों, गैर सरकारी संस्थाओं तथा अन्य स्वायत्त संस्थाओं का भी राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्षी दल कांग्रेस नेताओं को भाजपा दबाने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस उतनी ही मजबूती से जनता की आवाज उठाने में लग गई है। भोपाल में वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उन्हें शहर, जिला, ब्लाक, मंडलम, बूथ स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

# गाडगे धर्मशाला में कचरा जलाने का धुआं उठा तो आई फायर ब्रिगेड

### पर्यावरण प्रहरी ने पहुंचकर जताया विरोध

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 3 के वार्ड 59 के अन्तर्गत मोती तबेला चौराहा पर स्थित संत गाडगे बाबा धर्मशाला में आए दिन अन्दर ही कचरा जलाया जाता है। कल कचरा जलाया गया, जिससे बड़ी तादाद में धुआं दूर तक दिखाई देने लगा, लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी तो फायर ब्रिगेड भी पहुंच गया, इधर पर्यावरण प्रेमी मुकेश वर्मा भी पहुंच गए और पुलिस भी पहुंच गई थी तो देखा कि धर्मशाला परिसर के अन्तर्गत एक टंकी में कार्यक्रम के बाद का बचे कचरे में आग लगाई गई थी, जिससे यह धुआं बाहर तक आया। मुकेश वर्मा ने इस तरह धर्मशाला में अन्दर आग लगाकर पर्यावरण बिगाड़ने का विरोध जताया और कचरा जलाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की।

# बच्चों को ठूंस-ठूंस कर गाड़ियों में भरने के वीडियो वायरल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अब छोटी-छोटी गाड़ियों में बड़ी संख्या में बच्चों को भरकर स्कूल और कोचिंग क्लास ले जाने के दृश्य सामने आ रहे हैं। इसी तरह के गाड़ियों के वीडियो आज सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस बार नए सत्र शुरू होने के बाद भी अब तक जिला प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को ले जाने वाली गाड़ियों में ओवरलोड को रोकने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सुबह के समय तो ऑटो रिक्शा में इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को भर दिया जाता है कि देखने वाला व्यक्ति भी देखता रह जाता है। प्रशासन की कार्रवाई शुरू नहीं होने के कारण इस तरह ओवरलोड गाड़ी चलाने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति को रोकने के कोई प्रयास इस समय तो नजर नहीं आ रहे हैं। आने वाले समय में यदि परिवहन विभाग सक्रिय नहीं हुआ तो किसी भी दिन इस तरह की गाड़ियों से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आवश्यकता इस बात की है कि कोई दुर्घटना हो उसके पहले ही कार्रवाई शुरू की जाए।








## धानुक समाजजनों ने किया कुलपारे का स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धानुक वंशकार समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुलपारे का जन्मदिन उनके कार्यालय पर बडी संख्या में धानुक समाजजन के अलावा कई भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मनाया गया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू, देवीसिंह लुडेरिया, भावेश परमार, पवन भावसार, दिनेश हिरवे, नवनीत यादव, विकास पथरोड़, रवि सोलंकी, विकास पाल (महू), जितेंद्र मोरले, मुकेश पंसोरिया, धर्मेंद्र बडेले, कपिल बडेले, सतपाल करोड़े, सुनीता ठाकुर (भाजपा नेत्री), रुपमती राठौर, हीरा मटेले, रामदास कुलपारे, मनोज पंसोरिया सहित अन्य मौजूद थे। कुलपारे को फूलमालाओं से लादा गया और केक भी काटा गया, आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण भी किया गया।

## जोशी और पालीवाल राष्ट्रीय पदाधिकार





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. पालीवाल ब्राह्मण समाज चौबीस श्रेणी सांस्कृतिक एवं प्रगतिशील मंच में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण डी जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री गणेश पालीवाल को राष्ट्रीय संयोजक गिरीश पालीवाल नाथद्वारा एवं सहसंयोजक हरगोविन्द पालीवाल काकरोली द्वारा नियुक्त किया गया। मंच का उद्देश्य देशभर में पालीवाल ब्राह्मण समाज चौबीस श्रेणी को एक मजबूत एवं सक्रिय राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से शीघ्र ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।



## ब्राह्मण गौरव कांवड़ यात्रा निकलेंगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 'ब्रह्म गौरव कावड़ यात्रा' का आयोजन 16 अगस्त को प्राचीन देवगुराड़िया से सुबह 9.30 बजे से पांडवकालीन केवड़ेश्वर महादेव तक निकाली जाएगी। रविवार को बडी संख्या में ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहेंगे। आयोजन का पहला निमंत्रण चिंताहरण गणपति को अर्पण किया गया। जयप्रकाश नाईक, शैलेन्द्र जोशी, राजेश पाठक, मुकेश शर्मा, पारितोष जमींदार, मितेश त्रिवेदी, रवि शुक्ला, तुषार जमींदार, शुभम दुबे सहित अन्य मौजूद थे।



## अग्रसेन क्लब लगाएगा राखी एग्जीबिशन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैश्य समाज की महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन क्लब द्वारा राखी एग्जीबिशन का आयोजन 8 एवं 9 अगस्त शनिवार व रविवार को कच्छ पाटीदार भवन नौलखा काम्प्लेक्स के सामने सपना संगीता रोड में किया जा रहा है। 80 से ज्यादा स्टाल लगाए जाएंगे। 8 अगस्त शनिवार को शाम 7 बजे से 50 बच्चों का रैम्प शो होगा। 9 अगस्त रविवार को दोपहर 4 बजे सेल्फ ब्यूटी कोर्स सिखाया जाएगा व रात्रि 8 बजे अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्थाओं का सम्मान होगा। फोल्डर का विमोचन प्रयोग शिराली गर्ग, राजेंद्र राजकिरण गोयल, शैलेष-प्रीति गर्ग, अरविंद बागड़ी, संजय बाकंडा, मुकेश बृजवासी, विनोद मीना अग्रवाल, दुर्गेश-निशा अग्रवाल, शुभम प्रियंका अग्रवाल, नीरज सपना मित्तल, राहुल प्रियंका गोयल बंटी, राहुल राधेश्याम अग्रवाल चूरीवालों ने किया।



# छात्रा-छात्राओं को बताए अपने अधिकार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हातोद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भगवती कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल में महिला बाल विकास विभाग की ओर से क्लास 6टी से 12वीं तक की बालिकाओं को बाल अपराध व जे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह जैसी अन्य आर्थिक समस्याओं से लड़ने के लिए वह अपने अधिकार को जानने के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। होनहार छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें डॉ शरद जैन, पीवी शर्मा, कमल मड़वा, सागर जाटव, स्कूल संचालक प्रमोद गुप्ता, पुलक गुप्ता, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, विकास केशवाल, प्रतिभा मूले, श्रद्धा वर्मा, अंकिता जैन, मंजू बैस, मथुरा प्रसाद मैना, निलेश चौहान, शुभम चौहान व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# चातुर्मास धर्मसभा में नवकार महामंत्र की आराधना का संदेश



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. ने मांगलिक श्रवण कराते हुए धर्मालुजनों को नवकार महामंत्र की आराधना का प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का जाप केवल मंत्रोच्चार नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण की साधना है। आचार्यश्री ने नवकार आराधना के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि नौ दिनों तक श्रावक-श्राविकाएँ श्वेत वस्त्र धारण करेंगे, जहाँ भी बैठें वहीं 20 मालाओं का जाप करेंगे तथा एक बैठक में कम से कम पाँच मालाएँ पूर्ण करेंगे। उन्होंने प्रतिदिन तीन बार देववंदन करने, यथासंभव मौन रखने तथा सामूहिक आराधना में पूर्ण श्रद्धा और दृढ़ संकल्प के साथ सहभागी बनने का आह्वान किया। आचार्य के दर्शन करने अहमदाबाद से वाघ वोहरा भी आए। प्रशमसेनविजयजी म.सा. ने पुण्यसम्राट की गाथा 'युग प्रभावक' का वाचन किया। मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मसभा में बाहर से भी बडी संख्या में वरिष्ठ समाजसेवी भी पहुंचे। मुकेश नाकोडा, वाघ वोहरा, हीराभाई, विपिन भाई का बहुमान वीरेन्द्र लुंकड़, धनराज संघवी, नीरज सुराणा ने किया। इस अवसर पर महेन्द्र बागवाला, नीरज सुराणा, राजेश जैन युवा, मुकेश पोसित्रा, मोहनलाल पारेख, विवेक जावरा, आशीष पारख, हेमंत पारेख, दीपक सगरावत एवं देवेंद्र वया भी मौजूद रहे।

## कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर द्वारा जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मल्हार आश्रम स्कूल में 6 एवं 7 अगस्त को किया जा रहा है। 6



अगस्त को कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गंगा पांडे एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता गुड्डा शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि गंगा पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय खेलों में कुश्ती से बच्चों में शारीरिक मानसिक शक्ति का विकास होता हैं। युवा पीढ़ी की विकसित भारत में महती भूमिका रहेगी। उक्त प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता ने किया, अंत में आभार परवेज खान ने माना।

## शर्मा को सनातन सेना में प्रभारी नियुक्त किया



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत सनातन सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय प्रभारी शर्मा को युवा मोर्चा में प्रभारी नियुक्त किया है। अब शर्मा संगठन से जन-जन को जोड़ेंगे। आनंद कारवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी युवा, अंकित ठाकुर को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। कई लोगों ने बधाई दी।

## पूर्व पार्षद सेन का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हनुमानगढ़ नौहर राजस्थान के पूर्व पार्षद अशोक सेन कंकर इन्दौर आए तो सेन समाज संस्था से जुडे सुभाष वर्मा, कैलाश श्रीवास, सुरेश भाटी, अमरचंद सेन ने स्वागत कर उन्हें इन्दौर समाज की पत्रिका भेंट की।



# गोयल नगर रहवासियों ने दिया ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मेट्रो लाइन के रूट निर्धारण में बार-बार परिवर्तन से कई क्षेत्रों के लोग परेशानी मेहसूस करते हैं। कनाड़िया रोड स्थित बंगाली चौराहा से पलासिया चौराहा तक 200 फीट चौड़ी रोड पर भूमिगत लाइन की योजना बनी थी। कार्य आरंभ नहीं हुआ। अब मेट्रो रेल लाइन को लेकर गोयल नगर कालोनी के मध्य भाग में और सर्विस रोड पर मिट्टी का परीक्षण किया तो गोयल नगर के रहवासी चिंतित होकर तनावग्रस्त हो गए। इस मामले में रहवासी संघ के पदाधिकारियों ने मेट्रो रेल कार्यालय पहुंचकर वहां महाप्रबंधक और उपमहाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्या का ज्ञापन सौंपा और अपनी बात विस्तार से कई मुद्दों पर रखी।





# सहस्त्रधारा पहुंची 57 सखियों ने किया हुनर का प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की शृंखला में 57 सखियों ने दो दिनों तक महेश्वर के निकट सहस्त्रधारा स्थित जालकोठी आश्रम पहुंचकर ध्यान की विभिन्न पद्धतियों का अभ्यास तो किया ही, मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के साथ ही गायन, संगीत, हास्य, नृत्य और अमृत मंथन जैसी विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां देकर अपने हुनर और ज्ञान का प्रदर्शन भी किया। 57 सखियों की भागीदारी में 5 अलग-अलग समूहों (प्रत्येक में 11 सखियां) में महेश्वर में प्रकृति की गोद में रहकर ध्यान की विभिन्न पद्धतियों के साथ ही आत्म चिंतन, बोटिंग, मनोरंजक गेम्स और समूह चर्चा जैसे रचनात्मक और आनंद से परिपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत की।






# सर्वोदय स्कूल में ब्लू डे सेलिब्रेट





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में आज विद्यार्थियों के बीच ब्लू डे सेलिब्रेट करते हुए विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगीता आयोजित की गई। प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि विद्यार्थियों को ब्लू के कई अलग-अलग कलर जिसमें नेवी ब्लू, रॉयल ब्लू, स्काय ब्लू के अलावा कलर के महत्व को समझाया। किस तरह से बादल और पानी का कलर ब्लू के अलग-अलग शेड में होता है। इन कलर के मुद्दों को विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता के रूप में भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाए। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।



# माहेश्वरी समाजजनों ने किया पौधारोपण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक माहेश्वरी महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और समाजजनों ने माहेश्वरी स्कूल महू में पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण को लेकर हरित क्रांति के संदेश के साथ किया। अलग-अलग पौधों का रोपण हुआ। पुष्प माहेश्वरी, अजय झंवर, अशोक इनानी, शोभा माहेश्वरी, राजेश मूंगड़, प्रकाश अजमेरा, मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा, सुरेश हेड़ा, ललित बियानी, अनिल मंत्री, चंद्रप्रकाश हेड़ा, मुकेश सारडा, टोडरमल मूंदड़ा, विमल बांगड़, महेश कांकाणी, राजेश बिडला, दिलीप तापड़िया, शालिनी भट्टड़ उपस्थित रहे एवं पौधारोपण किया।

# कावड़ यात्रा को लेकर माहेश्वरी समाजजनों ने की बैठक

## आज से एक-दूसरे को फोन लगाने की जिम्मेदारी दी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज से जुड़ी कुटुम्ब संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शारदा प्रकाश अजमेरा ने बताया कि इस बार कावड़ यात्रा माहेश्वरी समाज की प्रादेशिक सभा के साथ मिलकर 9 अगस्त की सुबह 8.30 बजे से परम्पर गार्डन स्कीम नं. 71 से निकाली जाएगी। प्रकाश अजमेरा और अशोक इनानी ने बताया कि इस परम्परागत बड़ी यात्रा को लेकर कल बड़ी बैठक स्कीम नं. 71 के गार्डन में आयोजित की गई। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी इस बैठक में मौजूद रही। यात्रा को लेकर दो दर्जन से अधिक माहेश्वरी समाजजनों के उद्बोधन भी हुए। यह तय हुआ कि आज और कल शनिवार को दो दिनों तक जिम्मेदार माहेश्वरी समाजजन कम से कम 25-25 फोन लगाएंगे और जो भी कावड़ उठाना चाहते हैं वे रजिस्ट्रेशन करा लें। संस्था की ओर से साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। आज और कल दोनों दिन फिर बैठक का आयोजन किया गया है। कावड़ यात्रा के स्वगत के लिए कई मंच भी लगेंगे। कल बैठक के बाद सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया।



# कैसीनो थीम पर हुई माहेश्वरी मीत क्लब की पार्टी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी मीत कपल क्लब के नए सत्र का शुभारम्भ किया गया। सत्र की पहली पार्टी कैसीनो थीम पर आयोजित की गई। इसमें कपल टक्सीडो एवं इवनिंग गाउन पहनकर पहुंचे। कार्यक्रम में क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए कपिल-रीना भट्टड एवं सचिव निशित-शिखा बियानी ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान आकर्षित गतिविधियां, संगीत, गैम्स भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर अजय-सरिता सोडानी, राजीव-संतोष बिन्नानी, नितिन-राजकमल माहेश्वरी, नीरज-संजना जाखेटिया, संजय-कंचन मालानी, मनीष-सोनाली राठी, संजय-रश्मि मुछाल, राकेश-सुनीता माहेश्वरी मौजूद थे।

# जैन फेडरेशन ग्रुप का शपथ विधि होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के पदाधिकारियों का शपथ विधि 9 अगस्त को दस्तूर गार्डन में सुबह 10.45 से आयोजित होगा।

# लायंस लगाएगा स्वास्थ्य शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी और अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 9 अगस्त की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शैल्बी हास्पिटल में किया जाएगा। कई तरह की जांचे होगी। डॉ. अमित माहेश्वरी, डॉ. विशाल, डॉ. परिमल, डॉ. मोहित नरेडी, डॉ. इशिता गांगुली, डॉ. रिद्धिमा ओझा सेवाएं देंगे। आयोजक दिनेश रणधर, रिंकी जयसिंघानी ने बताया कि अतिथि जयप्रकाश त्रिपाणी, केपी माहेश्वरी, एसपी नामदेव, डॉ. राजेन्द्र साधना सोडानी, अनिल मोदी, श्रवण त्रिपाठी, मुरली अरोड़ा, एनके मेहता होंगे।

# पोस्ट ऑफिस में रक्षाबंधन पर ग्राहकों को सुविधा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जीपीओ पोस्ट ऑफिस परिसर में सेल्फ बुकिंग कियोस्क का शुभारंभ ग्राहकों की सुविधा के लिए किया गया। रक्षाबंधन के लिए ग्राहकों को 24 घंटे स्पीड पोस्ट एवं पार्सल बुकिंग की सुविधा मिलेगी। क्यूआर कोड से भुगतान भी किया जा सकता है। इंदौर के अलावा अन्य शहरों में भी सुविधा शुरू की गई है, देश के जवानों को राखी भेजने के लिए डाक विभाग ने 56 एपीओ एवं 99 एपीओ के विशेष लेटर बॉक्स भी उपलब्ध कराये गए है एवं इंदौर जीपीओ में काउंटर क्रमांक 8 को विशेष राखी स्पीड पोस्ट बुकिंग काउंटर के रूप में प्रारंभ किया गया है। डाक विभाग द्वारा रक्षाबंधन के आर्टिकल बुकिंग पर 10% की छूट भी प्रदान की जा रही है।



# शालीमार म्यूजिकल ग्रुप ने दी प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शालीमार म्यूजिकल ग्रुप ने गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि आयोजन में गीतों की प्रस्तुति मोघे सभागृह में दी। विनोद गोलिया, सुनिता जाटवा ने उक्त जानकारी दी।

# ट्रस्ट करेगा बार एसोसिएशन पदाधिकारियों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 14 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से रीगल तिराहा स्थित काफी हाऊस में किया जाएगा। मदन परमालिया, विनोद पटेल ने बताया कि दिगेन्द्रसिंह भी इस 11 बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के सम्मान में शामिल होंगे।



# अनंतेश्वर धाम मंदिर समिति का गठन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तुलसी नगर कॉलोनी स्थित अनंतेश्वर धाम मंदिर संकुल के संचालन के लिए कमेटी बनाई। अध्यक्ष गोपालप्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष धीरज धापोड़कर, सविच प्रवीण पटेल, सहसचिव गौरव दुबे, कोषाध्यक्ष पी वेंकटराव, सहकोषाध्यक्ष रोहित राय, सांस्कृतिक कार्य प्रभारी प्रशांत पारे को नियुक्त किया। राकेश जायसवाल ने उक्त जानकारी दी।

# शिव रुद्राभिषेक होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विंध्याचल सोशल ग्रुप द्वारा सावन में भगवान शिव की अराधना के लिए 9 अगस्त को 151 जोडों के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक और बाद में भोजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन टिगारिया बादशाह स्थित स्कूल में सुबह 9 बजे से होगा। डॉ. आरएन मिश्रा ने उक्त जानकारी दी।



# सानवी साबू को योग चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 11वीं की छात्रा सानवी साबू को एमराल्ड स्कूल की ओर से ऑल इंडिया आईपीएससी योग चैंपियनशिप में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। सानवी साबू के पालक अंकित-पलक साबू और दादा-दादी शरद-सरला साबू ने सानवी की सफलता पर गर्व मेहसूस किया। कई समाजजनों और निकट के लोगों ने भी सानवी को बधाई दी।

# पानी की कमी ने अटकाया मिल क्षेत्र में लायब्रेरी निर्माण कार्य

## 75 फीसदी से ज्यादा काम पूरा, बचे काम के चक्कर में इंतजार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47 के मालवामिल क्षेत्र में आधा दर्जन बस्तियों और आसपास की अन्य कालोनियों के जरूरत मंद बच्चों और क्षेत्र के युवाओं को उचित शिक्षा के लिए क्षेत्रीय पार्षद और विधायक के प्रयासों से आधुनिक सुविधाओं वाली नवीन लाइब्रेरी की सौगात मिलने वाली थी। जिसका वर्तमान में लगभग 75 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। लेकिन अब लगातार बारिश की खेंच और पानी की कमी के चलते ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य धीमी गति से कर दिया है। लाइब्रेरी का निर्माण कार्य फिलहाल अटक गया है। जबकि पहले काम तेजी से चल रहा था। इसीलिए बिल्डिंग निर्माण का कार्य आगे से ज्यादा पूरा हो चुका है। लेकिन अब पानी की कमी के चलते हैं पिछले कुछ समय से काम बिल्कुल रुक गया है। जिससे लाइब्रेरी निर्माण कार्य अधूरा रहने से क्षेत्र के लोगों को अभी निशुल्क लाइब्रेरी की सौगात के लिए और इंतजार करना पड़ेगा।

**डेढ़ करोड़ की लागत से हो रहा आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण-** बड़ी बात यह है कि क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और वार्ड 47 के पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से मिल क्षेत्र में पहली बार लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से निगम द्वारा बस्ती क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक शिक्षा और भविष्य निर्माण के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात देने के लिए करीब साल भर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। पानी के कारण पिछले कुछ समय से यहां का निर्माण कार्य रुक गया है हालांकि पार्षद पहाड़ियां का कहना है कि क्षेत्र के निवासियों के लिए लाइब्रेरी की सौगात के निर्माण का कार्य वर्तमान में 75 फीसदी से ज्यादा हो चुका है वहीं शेष बचे निर्माण कार्य के लिए बारिश का इंतजार किया जा रहा है। बारिश होते ही निर्माण कार्य में दोबारा तेजी आएगी और इसके बाद जल्द क्षेत्र के रहवासियों को अपने घर के नजदीक आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात मिलेगी जहां क्षेत्र के बच्चे सभी तरह की धार्मिक सामाजिक और अपने विषय से संबंधित पुस्तक एक स्थान पर आराम से पढ़ सकेंगे।

# रीजनल पार्क संवारने का निगम का दावा फेल

## लंबे समय से पीपीपी माडल प्रयास के बावजूद नहीं मिल रही सफलता
## 15 साल से ज्यादा पुराने पार्क की लगातार बिगड़ रही सूरत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। रीजनल पार्क को संवारने के लिए निगम द्वारा लंबे समय से किए जा रहे हैं प्रयास और दावे अब फेल होते नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि कई बार टेंडर प्रक्रिया के बाद पीपीपी मॉडल पर काम शुरू करवाने के लिए लगातार प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है। इधर 15 साल से ज्यादा पुराने पार्क की लगातार हालत बिगड़ रही है। इतने बड़े रीजनल पार्क में ना बच्चों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था है, और ना ढंग की बैठक व्यवस्था है और न ही ठीक से खाने-पीने की व्यवस्था है। यही नहीं मनोरंजन के लिए भी लोगों के लिए कोई साधन - संसाधन मौजूद नहीं है। जबकि निगम पिछले कई सालों से अटल बिहारी वाजपई उद्यान को निजी हाथों में सौंप कर यहां मनोरंजन और विकास कार्य शुरू करने के दावे कर रहा है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है।



वहीं बड़ी बात यह है कि यहां हालत इतनी खराब है कि पार्क में जगह-जगह टाइल्स टूटी पड़ी है। यही नहीं शाम के समय पूरे पार्क में अंधेरा ही अंधेरा नजर आता है। जिसका कारण यह है कि पार्क में लंबे समय से आधी से ज्यादा सजावटी लाइटिंग पिछले कई महीनो से बंद पड़ी हुई है। जिनमें आधी से ज्यादा लाइटिंग खराब हो रही है और आधी से ज्यादा लाइटिंग टूट फूट गई है। यही नई सुरक्षा गार्ड्स की संख्या भी कम हो गई है। इतने बड़े पार्क को संभालने के लिए गिनती के सुरक्षा गार्ड है। यही नहीं अब यहां दर्शकों की संख्या भी लगातार घट रही है। लोगों का कहना है कि 25 रु. टिकट शुल्क होने के बाद भी मनोरंजन के कोई साधन नहीं है। इतना बड़ा पार्क में न अप्पू घर है और ना बोटिंग की सुविधा और ना ढंग की बैठक व्यवस्था है। जिससे अब चुनिंदा लोग ही मजबूरी में यहां आते हैं। ज्यादातर समय तो यहां लडके-लड़कियां प्रेमी जोड़े ही बैठे रहते हैं इसलिए यहां कोई परिवार वाले तो आना पसंद ही नहीं करते हैं।

# 15 अगस्त के बाद मिलेगी नई सड़क की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 छावनी उषागंज क्षेत्र में रहवासियों को 15 अगस्त के बाद बहुत जल्द नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। वहीं खास बात यह है कि इस सड़क के बनने से एक ओर जहां क्षेत्र के रहवासी परिवारों को नई सड़क निर्माण से गड्ढों और कीचड़ से भी राहत मिल जाएगी। साथ ही उषागंज छावनी क्षेत्र में इस सड़क के बनने से यहां के पूरे सर्कल में नई सड़कों का जाल बिछ जाएगा। रहवासी और व्यापारी लम्बे समय से सड़क बनाने की मांग जनप्रतिनिधियों के साथ निगम अधिकारियों से कर रहे थे।



**आसपास के अन्य क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल**

गौरतलब है कि विधानसभा तीन के वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत जावरा कंपाउंड क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा प्रमुख गलियों में नई सीमेंटेड सड़कों का निर्माण कर सड़कों का जाल बिछाने का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। इसके अलावा टेंपो स्टैंड के सामने से लेकर श्रद्धानंद मार्ग छावनी वाली सड़क का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। वहीं अब उषागंज छावनी वाली सड़क निर्माण कार्य भी इस माह के अंत में शुरू हो जाने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# मास्टर प्लान में मंजूर एमआर-3, सड़क का काम लंबे समय से खटाई में



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर रीजनल पार्क से बायपास तक बनने वाली चर्चित एमआर 3 सड़क का काम आखिर इतने समय बाद भी फाइलों में ही उलझा पड़ा है। जिसको लेकर अब क्षेत्र के हजारों रहवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पिछले 3 साल से भी ज्यादा समय से प्रस्तावित बहुचर्चित रीजनल पार्क को बायपास से जोड़ने वाली एमआर 3 सड़क का काम आखिर कब शुरू होगा। जबकि इतने समय से मंजूरी के बावजूद इस बड़े बजट वाली सड़क का काम आखिर निगम क्यों शुरू नहीं कर पा रहा है। जबकि हालत यह है कि 54 करोड रुपए से ज्यादा लागत वाली इस बड़े बजट वाली सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण प्रोजेक्ट पर निगम पैसों के संकट और सड़क के बाधक निर्माण के साथ किसानों की जमीन के अड़ंगे के कारण ही इसे शुरू नहीं कर पा रहा है।

**किसानों की निजी जमीन बन रही सबसे बड़ी बाधा**

जबकि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर निगम की ओर से पूरी प्लानिंग के साथ प्रोजेक्ट पर टेंडर प्रक्रियां के बाद काम भी शुरू करने की तैयारी की थी। यही नहीं पिछले दो-तीन सालों में निगम द्वारा कई बार नेताओं और अधिकारियों के दौरे के बाद जल्द काम शुरू करने का दावा भी किया गया। लेकिन फिर कहीं न कहीं निगम का वित्तीय संकट आड़े आ गया जिसके कारण भी काम अटक रहा है। वहीं इस प्रोजेक्ट में बड़े बजट के अलावा सबसे बड़ी दिक्कत इस सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के 70 से ज्यादा किसानों की निजी जमीन का अड़ंगा और टीडीआर पालिसी का मुद्दा नहीं सुलझना भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में बड़ी बाधा बन रहा है। इसी के चलते लंबे समय से बड़े बजट वाली इस मास्टर प्लान में प्रस्तावित एमआर 3 सड़क का निर्माण कार्य खटाई में है।

# अब नहीं पलटेगी लोडिंग रिक्शा और ठेला गाड़ियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 62 से जुड़े लोहा मंडी क्षेत्र में महावीर मार्केट के सामने वाली गली में अगले माह में बेहद जल्द करीब 58 लाख रुपए के आसपास की लागत से नई सीमेंट सड़क निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिससे व्यापारियों में बेहद खुशी है। गौरतलब है कि क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा महापौर पुष्य मित्र भार्गव और क्षेत्रीय पार्षद रूपा दिनेश पांडे से लंबे समय से क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। महावीर मार्केट और आसपास की गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त ऊबड़-खाबड़ सड़क की बजाय अब नहीं अब नई पहले से मजबूत सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा। जिससे यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों के साथ क्षेत्र के व्यापारियों सहित लोडिंग रिक्शा और ठेले वालों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि लोहा मंडी क्षेत्र की ज्यादातर गलियों में सालों से मुख्य सड़क के साथ भीतर की गलियों की सड़कों की सबसे ज्यादा हालत खराब है। जिसके कारण आए दिन इन गलियों में बारिश के दौरान कीचड़ के कारण ट्रांसपोर्टों पर माल लेकर आने वाले ठेले वाले और लोडिंग रिक्शा वालों की गाड़ियां पलटने और कीचड़ और गड्ढों में गाड़ियां फंसने की लगातार शिकायतें सामने आती है। वहीं अब लोहा मंडी क्षेत्र के इस एरिया में महावीर मार्केट के सामने वाली गलियों में नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी से व्यापारियों के साथ यहां रात दिन माल लेकर आने वाले लोडिंग रिक्शा और ठेले वालों को भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के व्यापारियों और आसपास के रहवासियों को भी लंबे समय के बाद सालों पुरानी सड़क के बजाय नई सीमेंट सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी।

**लोहामंडी व्यापारियों को नई सड़क निर्माण से मिलेगी कीचड़ और गड्ढों से राहत**

## संपादकीय

# इलाज नहीं, अंधविश्वास मिला और एक जिंदगी हार गई

हैरान करने वाली इस घटना में महिला को इलाज के नाम पर दस दिनों तक खंभे से बांधकर रखा गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उपचार के लिए उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस दौर में विज्ञान की उपलब्धियों के सहारे आम जनजीवन की समूची बुनियाद बदलने की एक प्रक्रिया चल रही है, उसमें महज अंधविश्वास की वजह से किसी की जान चली जाए या लोग अंधविश्वास की जड़ता में डूबे हों, तो इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बीते मंगलवार को मानसिक रूप से बीमार एक महिला की मौत इसका उदाहरण है कि हम लाख अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों का हवाला देते रहें, समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी अंधविश्वास की कूपमंडूकताओं में डूबा हुआ है और इसके बेहद तकलीफदेह खामियाजे भी भुगत रहा है। हैरान करने वाली इस घटना में महिला को इलाज के नाम पर दस दिनों तक खंभे से बांधकर रखा गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उपचार के लिए उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अगर महिला के परिजनों या वहां के लोगों के बीच बीमारी और इलाज की सामान्य जानकारी भी होती, तो वे महिला को उपचार के लिए किसी चिकित्सक के पास ले जाते और उसकी जान बच सकती थी। आज भी झाड़-फूंक के सहारे इलाज का अंधविश्वास कायम है, तो आखिर इसकी जड़ें कहां मौजूद हैं? आम लोगों की अमूमन हर गतिविधि को किसी तकनीक पर निर्भर करने और डिजिटल दुनिया के दौर में भी लोगों के ज्ञान का दायरा इतना सिमटा हुआ क्यों है कि वे किसी बीमारी का इलाज झाड़-फूंक या तंत्र-मंत्र में ढूंढ़ते हैं? कई बार मानसिक रोगी का मनोचिकित्सक से उपचार नहीं कराया जाता और परिवार के सदस्य ही उसे तांत्रिक के पास ले जाते हैं। समाज से अधिक यह सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि देश में मानसिक रोग के उपचार के लिए पर्याप्त अस्पताल और चिकित्सक क्यों नहीं हैं। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर ज्यादातर लोगों का जागरूक न होना भी एक बड़ी चुनौती है। हैरानी की बात यह भी है कि तेज रफ्तार आधुनिक संचार के इस दौर में सरकार जहां अपनी किसी बात या प्रशासनिक फैसले को लागू करने वाले तंत्र को बिना किसी देरी के दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंचा देती है, वहीं वह अंधविश्वास की जकड़न से घिरे लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना की रोशनी क्यों नहीं पहुंचाती?

## कल से दो दिवसीय वेस्ट जोन रीजनल कांफ्रेंस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में कल से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में दो दिवसीय वेस्ट जोन रीजनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष, पश्चिमी क्षेत्र के उच्च न्यायालयों के विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष और पश्चिमी क्षेत्र के राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के सदस्य सचिव, न्यायिक अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल होंगे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) बैठक कल 8 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 102 में आयोजित की जाएगी। बैठक में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित जन-जागरूकता, नशामुक्ति एवं नशा रोकथाम संबंधी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा,पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास (आवासीय विद्यालय), पीएम पोषण (मिड-डे मील) तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के संचालन एवं प्रगति की समीक्षा, रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित केंद्र शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रगति पर समीक्षा की जायेगी।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 147500 | 149642 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 225800 | 228608 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

### भंडारी ब्रिज के नीचे युवक पर प्लास्टिक के पाइप से हमला

# पत्नी को घुमाने की शंका में पति ने दी गालियां और पीटा

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में भंडारी ब्रिज के पास पुरानी रंजिश और शंका के चलते एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक जब अपनी गाड़ी से जा रहा था, तभी आरोपी पति ने अपने साथी के साथ मिलकर उसकी गाड़ी रुकवाई और चलती गाड़ी से कॉलर पकड़कर नीचे गिरा दिया। इसके बाद आरोपी ने पत्नी को साथ घुमाने का आरोप लगाते हुए प्लास्टिक के पाइप से युवक की जमकर पिटाई कर दी। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोविंद कॉलोनी निवासी फरियादी रवि पिता जगदीशपुरी ने परदेशीपुरा थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से भंडारी ब्रिज के नीचे से गुजर रहा था, तभी महिमा का पति यशवंत सिंह निवासी सोनकच्छ, देवास अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया। आरोपी यशवंत सिंह, जिसका अपनी पत्नी महिमा से तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है, उसने रवि की चलती गाड़ी की कॉलर पकड़कर उसे जोर से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। गाड़ी से गिराने के बाद आरोपी यशवंत सिंह ने रवि पर आरोप लगाया कि तू मेरी पत्नी महिमा को अपनी गाड़ी पर बैठाकर घुमा रहा है और सरेराह गालियां देने लगा। जब फरियादी रवि ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी यशवंत सिंह ने प्लास्टिक पाइप से रवि पर हमला कर दिया। इस मारपीट में रवि के सिर, पीठ और हाथ पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया।

## यशवंत प्लाजा की पार्किंग में कार से बैग उड़ाया

इंदौर। छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में थाने के पास ही स्थित यशवंत प्लाजा की पार्किंग में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने खड़ी कार का गेट खोलकर अंदर रखा लेदर का बैग चुरा लिया, जिसमें बैंक की पासबुक, चेकबुक, शासकीय पत्राचार और चश्मा रखा हुआ था। फरियादी की शिकायत पर छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोल्ड लिंक कनाडिया रोड निवासी 63 वर्षीय अशोक कुमार पिता ललित कुमार शर्मा ने छोटी ग्वालटोली थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वे यशवंत प्लाजा की पार्किंग में अपनी कार खड़ी कर किसी काम से गए हुए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर उनकी कार का गेट खोला और अंदर रखा उनका लेदर का बैग पार कर दिया। पीड़ित के अनुसार, चोरी गए लेदर के बैग में एसबीआई बैंक की दो पासबुक, एक चेकबुक, खाता संख्या 63055536062 की पासबुक व उससे संबंधित दो चेकबुक, कुछ आवश्यक शासकीय पत्राचार पत्र और उनका नंबर का चश्मा रखा हुआ था। जब फरियादी वापस कार के पास पहुंचे, तो बैग गायब देखकर उनके होश उड़ गए। आसपास पूछताछ और तलाश के बाद भी बैग का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद वे थाने पहुंचे। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और पार्किंग और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**पासबुक, चेकबुक और दस्तावेज चोरी केस दर्ज**

## किराए की कार के एक्सीडेंट के नाम पर मांगे एक्स्ट्रा रुपए

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में ज्ञानीजी के ढाबे के सामने किराए की कार के अतिरिक्त रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। कार का एक्सीडेंट होने की बात कहकर आरोपियों ने युवक से और पैसे ऐंठने की कोशिश की। जब युवक ने किराए और मरम्मत का पूरा पैसा देने की बात कही, तो आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर पीड़ित की हाथ-मुक्कों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर भंवरकुआं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, चितावद निवासी फरियादी कुनाल पिता मदन सूर्यवंशी ने भंवरकुआं थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि आरोपी विभांश ठाकुर निवासी ग्वालियर और अंशराज कुशवाहा ने उसे ज्ञानीजी के ढाबे के सामने भंवरकुआं चौराहे पर बुलाया। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने उससे कहा कि उसने जो किराए पर कार क्रमांक एमपी 07 एएच 9808 ली थी, उसका एक्सीडेंट हो गया है और उसका अतिरिक्त पैसा देने का दबाव बनाने लगे। जब फरियादी कुनाल ने कहा कि विभांश भाई, मैंने कार के रेंट और भरपाई के पूरे पैसे दे दिए हैं, अब आपका कोई पैसा नहीं बचता है, तो विभांश और अंशराज उग्र हो गए तथा गालियां देने लगे। फरियादी द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर कुनाल को घेर लिया और हाथ-मुक्कों से उसकी जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर भंवरकुआं थाना पुलिस ने आरोपी विभांश ठाकुर, अंशराज कुशवाहा और उनके अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मना करने पर युवक से जमकर मारपीट केस दर्ज**

## लेनदेन के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

इंदौर। आजाद नगर थाना इलाके में लेनदेन के पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने मामला सामने आया है। दो बदमाशों ने आपसी कहासुनी के बाद युवक पर धारदार चाकू से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं घायल को तत्काल उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया है। मदीना नगर निवासी 25 वर्षीय सोहेब पिता जाकिर का दो युवकों से लेनदेन का विवाद चल रहा था। इस विवाद के चलते आरोपियों ने सोहेब पर धारदार चाकू से हमला बोल दिया। चाकू के वार से सोहेब गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले।

## 12 अगस्त को भव्य स्तर पर होगा मालवा खेल अवार्ड

इंदौर । मालवा कला अकादमी द्वारा प्रदेश स्तर पर दिए जाने वाले मालवा खेल अवार्ड खेल अवार्ड 12 अगस्त को जाल सभागृह में भव्य स्तर पर वितरीत किए जाएंगे । इस वर्ष 26 वें अवार्ड समारोह में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की 7 प्रतिभाओं को इस प्रतिष्ठित अवार्ड समारोह में सम्मानित किया जाएगा । चयनीत खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपने प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ रहे है ।

मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि विभिन्न खेलों से मुस्कान शर्मा (कबड्डी), प्रियंका यादव (हॉकी), सोहेल खान (साफ्टबॉल), शौर्य जैन (स्केटिंग), दीक्षिता यादव (कराते), नीरज पटेल (कुश्ती), केतन चावला (बिलियर्ड्स-स्नूकर) का चयन किया गया है। लगभग 150 आवेदन इस वर्ष म.प्र. के विभिन्न शहरों से आए थे, और इन्हीं आवेदनों के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है । मुस्कान शर्मा का हाल ही में भारतीय कबड्डी टीम के प्रशिक्षण विशेष शिविर में चयन हुआ था । वहीं केतन चावला वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे है । सोहेल खान अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय साफ्टबॉल स्पर्धा में अपनी अमिट छाप छोड़ चुके है । दीक्षिता यादव ने कराते की राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक विजेता खिलाड़ी है । कुश्ती में खंडवा के नीरज पटेल ने न सिर्फ प्रदेश बल्की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है, उन्होंने एशियाई स्तर पर कुश्ती में अंतरराष्ट्रीय पदक जीता है । स्केटिंग में शौर्य जैन राष्ट्रीय स्तर पर चमक रहे है । वहीं प्रियंका यादव ने जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वह इस चैंपियनशिप के पूर्व भी कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्पर्धा में अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।

# निगम में बंद होगी मैन्युअल फाइल और नोटशीट बनाना

## घोटाले रोकने के लिए लागू होगा ई-फाइलिंग सिस्टम

### 2027 में लागू करने की तैयारी के लिए जुटे अधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम ई-फाइलिंग सिस्टम लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत नगर निगम मुख्यालय, जोन कार्यालय, स्मार्ट सिटी सहित अन्य कार्यालयों में ई-फाइलिंग के माध्यम से काम होगा। कोई भी फाइल मैन्युअल नहीं लिखी जाएगी और नोटशीट भी पूरी तरह डिजिटल होगी। पूरे सिस्टम को डिजिटल और हाईटेक बनाने का काम आगामी छह माह में पूरा किया जाएगा। इस सिस्टम को लागू करने के पीछे फाइलों की ऑनलाइन निगरानी बढ़ाना और घोटालों पर रोक लगाना प्रमुख उद्देश्य है। अधिकारियों का मानना है कि इस सिस्टम के लागू होने के बाद वर्तमान में होने वाली अनियमितताओं और घोटालों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आईटी विभाग को आगामी छह माह में पूरा सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### पहले राजस्व विभाग में होगा लागू

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि ई-फाइलिंग सिस्टम सबसे पहले राजस्व विभाग में लागू किया जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग से जुड़े विभागों, जैसे ऑडिट और लेखा शाखा में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि फाइलों का मूवमेंट तेज हो सके और उनकी निगरानी आसान हो। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम के माध्यम से फाइलों को ऑनलाइन ट्रैक करना आसान होगा। कोई भी अधिकारी फाइलों को लेकर गोलमोल जवाब नहीं दे सकेगा। साथ ही फाइलों में गड़बड़ी की संभावना भी कम होगी। फाइलों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष व्यवस्था की जा रही है।

### मैन्युअल सिस्टम में गड़बड़ी की आशंका

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में इंदौर नगर निगम में मैन्युअल फाइल सिस्टम के तहत काम होता है। एक फाइल 5 से 10 विभागों में घूमती है, जिसके बाद उसका रिकॉर्ड संधारित किया जाता है। ऐसी स्थिति में फाइलों में गड़बड़ी की संभावना बनी रहती है।

### विपक्ष ने उठाए घोटालों के मुद्दे

मामले में कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम में फर्जी बिल घोटाला, फर्जी नामांतरण घोटाला, वेतन घोटाला सहित कई घोटाले सामने आ चुके हैं। इनमें फर्जी दस्तावेज बनाकर निगम के लेखा विभाग से करोड़ों रुपये का भुगतान करा लिया गया। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त ऐसा सिस्टम बनाएं, जिसमें कोई भी सेंधमारी न कर सके।

### साइबर सुरक्षा भी होगी मजबूत

आईटी विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने बताया कि इंदौर नगर निगम की साइबर सुरक्षा को भी मजबूत किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि ई-फाइलिंग सिस्टम जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि पूरी कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बन सके।



# पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संभागायुक्त को दिया ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठ नागरिक पेन्शनर एसोसिएशन के प्रांतीय, संभागीय एवं इंदौर जिले के प्रतिनिधियों ने कमिश्नर भास्कर लक्षकार से भेंट कर शिक्षक, कर्मचारियों एवं पेंशनरों के क्लेम में हो रही देरी पर मुद्दों के साथ ज्ञापन सौंपा। समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाए। इनमें प्रमुख रूप से 35 वर्ष की चतुर्थ क्रमोन्नति के पेंडिंग प्रकरण में लेटलतीफी, क्रमोन्नति का आदेश होने के 2 माह बाद भी एरियर नहीं मिलना, पेंशन केसों का रिवाइज न होना, नया पीपीओ जारी न होना, पेंशन केसों में पीपीओ में देरी, जीपीएफ, सैकड़ों शिक्षकों का अर्जित अवकाश नकदीकरण नहीं होना, पेंशनरों के क्लेम को टालमटोल करना आदि मुद्दों से एसोसिएशन ने उन्हें अवगत कराया। एसोसिएशन के आफिस हेतु स्थान दिए जाने का भी आग्रह किया। भगवतीप्रसाद पंडित, राजेश जोशी, जीएल यादव, देवीसिंह बारूपाल, नरेंद्र सिंह ठाकुर, ताराचंद व्यास शामिल रहे।

# संविदा पदों की समकक्षता का निर्धारण की मांग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. दिव्यांगसेवी अधिकारी कर्मचारी संघ पीयू -4 स्कीम नं 54 ने शासन अंतर्गत संचालित दिव्यागों की शिक्षा व पुनर्वास का कार्य करने वाली राज्य शासन द्वारा अनुदानित संस्थाओं में स्वीकृत पदों में से संविदा मानदेय प्राप्त कर्मचारियों के लिए संविदा नीति 2023 लागू करने के साथ नियमित पदों के समकक्ष पदों पर संविदा पदों की समकक्षता का निर्धारण किए जाने की मांग ज्ञापन/अभ्यावेदन पत्र प्रस्तुत का मध्यप्रदेश दिव्यांगसेवी अधिकारी कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के सभी 130 कर्मचारियों की ओर से की गई हैं। मार्च में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा उपरांत भी नीति लागू नहीं की गई। दिव्यांगत के क्षेत्र में कार्यरत शासकीय संस्थाओं 27 प्रदेश की दिव्यांगसेवी अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कार्यकारी सदस्य सचिन प्रजापति, रंजित कहार, मेघनासिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2018 से जारी विभिन्न आदेश निर्देशों का परिपालन अनुदानित संस्थाओ के लिए भी किया गया। पदों को जिसमें विशेष शिक्षक, प्रशिक्षक, वार्डन फिजियोथेरपिस्ट, पदों को विशेष प्रकरण मानते हुए संविदा पद घोषित किये जाने के साथ समकक्षता निर्धारण किए जाने का निर्देश दिया गया जबकि मध्यप्रदेश में कार्यरत अनुदानित संस्थाओ में भी इन समान पदों के कर्मचारी कार्यरत हैं। इन्हें भी विशेष प्रकरण के दायरे में लेते हुए समकक्षता निर्धारण किए जाने की पुरजोर मांग की गई हैं।

## द राइजिंग भारत : ज्ञानम् परम् बलम् विषय पर विचार विमर्श कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिंदू एकेडेमिशियंस द्वारा द राइजिंग भारत के अन्तर्गत ज्ञानम् परम् बलम् पर राष्ट्रीय महाविमर्श का आयोजन कल 8 अगस्त को चार सत्रों में आयोजित होगा। विहिप के मिलिंद परांठे, मुख्य वक्ता और अतिथि विनोद अग्रवाल, विक्रम सिंह पवार होंगे। डॉ. संध्या चौकसे, डॉ. माला सिंह ठाकुर, मुकेश मोलवा अपनी भूमिका निभाएंगे। अलग-अलग विश्वविद्यालयों से 500 से अधिक शोधार्थी मुख्य श्रोता तथा चिंतक के रूप में सम्मिलित होंगे। विचार-मंथन हेतु देशभर के विद्वानों एवं शोधकर्ताओं के उच्च स्तरीय अनुसंधान पत्र प्राप्त हुए हैं। इन सभी महत्वपूर्ण शोध पत्रों के संकलन से निर्मित विशेष स्मारिका का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

## चंदेरी के बुनकरों की कला प्रदर्शित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के मौके पर चंदेरी के बुनकरों की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन के अनूठे संगम को प्रदर्शित करती दस दिवसीय प्रदर्शनी मृगनयनी एम्पोरियम, पालिका प्लाजा एमटीएच कंपाउंड में 6 से 15 अगस्त तक लगाई गई है। चंदेरी के बुनकरों की हैण्डलूम की सामग्री यहां आकर्षण का केन्द्र है।



## सम्भागायुक्त ने ली बैठक, चाचा नेहरू अस्पताल की समिति का पुनर्गठन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सम्भागायुक्त भास्कर लक्षकार ने कल सम्भागायुक्त कार्यालय में एक के बाद एक कई बैठकें ली। चाचा नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कालेज और रोबोट नर्सिंगहोम के लिए बैठक की। चाचा नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल और डॉ. सुनील आर्य ने सम्भागायुक्त को बताया कि लंबे समय से एक ही समिति द्वारा संचालन किया जा रहा है। साथ ही छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी समिति से अनुमति प्राप्त करना होती है, इसलिए कार्य में देरी हो रही है। इस संबंध में संभागायुक्त ने कहा कि समिति का पुनर्गठन बायलॉज के अनुसार करे। पुराने अस्पताल का जीर्णोद्धार या नवीन भवन का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक द्वारा कक्षाएं संचालन के लिये समय बदलाव का प्रस्ताव और छात्रावास के संधारण संबंधी समस्याएं बताई गई। संभागायुक्त ने आंतरिक समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिए जाने साथ ही जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित कराई जाये। साथ ही कॉलेज द्वारा ड्रापआउट होने वाले विद्यार्थियों की नए सिरे से समीक्षा की जाये। राबर्ट नर्सिंग होम को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसके अलावा सम्भागायुक्त ने विकास कार्यों से जुडे 11 विभागों के कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होने अधिकारियों को हिदायत दी कि कोई भी भवन बिना एप्रोच रोड वाला नहीं बनाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एमपीआईडीसी, मध्यप्रदेश पुलिस आवासीय विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें और लगातार मॉनिटरिंग कर उसकी समीक्षा करें। बैठक में इंदौर में निर्माणाधीन एमवाय अस्पताल का नवीन भवन, सियागंज में कमर्शियल काम्पलेक्स, सांवेर रोड़ पर निर्माणाधीन केन्द्रीय जेल, अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज, सांवेर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद पंचायत भवन, धार में प्रस्तावित कलेक्ट्रेट भवन, सांदीपनि विद्यालय आदि पर चर्चा की गई।

## तिरंगा यात्रा और श्रमयोगी मानधन योजना पर मंथन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड के तत्वावधान में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सभागार, इंदौर में किया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों की गतिविधियों की समीक्षा के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आगामी सामाजिक अभियानों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। तिरंगा यात्रा और श्रमयोगी मानधन योजना पर मंथन किया गया। अधिकारी प्रियंका टेगौर, समन्वयक ऋतुजा पहाडे, अमित शाह, मीनाक्षी मिश्रा, शिव फूलपगारे, हरिओम दांगी, अनिल धारवा, कोमल सिसोदिया, ज्योति कुमरावत ने अपनी भूमिका निभाई।

## अंतरविद्यालयीन फुटबॉल स्पर्धा कल से

**इंदौर।** 40वीं बालक एवं 5वीं बालिका अंतरविद्यालय कासलीवाल ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता, 2026 ने इस वर्ष एक नया इतिहास रच दिया है। देश की प्रतिष्ठित अंतरविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में शुमार इस आयोजन के 40वें बालक संस्करण में रिकॉर्ड 40 विद्यालयों ने अपनी सहभागिता की पुष्टि की है, जबकि 5वें बालिका संस्करण में 22 विद्यालय अपनी चुनौती प्रस्तुत करेंगे। यह बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता 8 से 16 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह कल होगा, जिसके साथ नौ दिनों तक चलने वाले रोमांचक फुटबॉल मुकाबलों का शुभारंभ होगा। इस वर्ष प्रतियोगिता का दायरा और भी विस्तृत हुआ है। बालक वर्ग में 11 नए विद्यालयों तथा बालिका वर्ग में 6 नए विद्यालयों के जुड़ने से यह स्पष्ट होता है कि कासलीवाल ट्रॉफी की लोकप्रियता, प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान निरंतर सुदृढ़ हो रही है।

## क्षतिग्रस्त बिजली डीपी के खुले तारों से जन-हानि की आशंका



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिरपुर गुमास्ता नगर झोन के अंतर्गत जगन्नाथ पुरी, खेड़ापति मंदिर के आगे, आसिम एवरफ्रेश की दुकान के पास स्थित बिजली विभाग की लापरवाही से डीपी के तार कई जगह से खुले कटे एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं। इन तारों का इन्सुलेशन उखड़ा हुआ है, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएँ, बुजुर्ग एवं राहगीर गुजरते हैं। यदि कोई व्यक्ति या बच्चे इन खुले तारों के संपर्क में आ गये, तो करंट लगने से गंभीर चोट या जन-हानि हो सकती है। उक्त जानकारी असलम आबिद कुरैशी ने दी।

## इंदौर के पांच खिलाड़ी जबलपुर में सम्मानित होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्युत मंडल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पांच खिलाड़ियों का चयन शक्ति भवन जबलपुर में ऊर्जा विभाग के 15 अगस्त के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत होने के लिए किया गया हैं। पश्चिम क्षेत्र कंपनी के जिन खिलाड़ियों का 15 अगस्त को राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह के लिए चयन हुआ हैं उसमें पृथ्वीराज चौधरी पावर लिफ्टिंग, सुरेंद्र कुमार पटेल पावर लिफ्टिंग, विशाल वर्मा पावर लिफ्टिंग, नीरज चौहान पावर लिफ्टिंग, संदीप मौर्य बॉडी बिल्डिंग शामिल हैं। खिलाड़ियों को प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, संजय मालवीय आदि ने बधाई दी हैं।

## भारत के सूरज ने जीती एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के सूरज कुमार चंद ने 2026 एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप के पुरुष एकल का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने गुरुवार को खेले गए रोमांचक फाइनल में हंगरी के बेनेडेक ताकाच को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, महिला एकल का खिताब स्पेन की मार्टा डोमिंगुएज फर्नांडीज ने जीता। भारत और सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे सूरज कुमार चंद ने बेनेडेक ताकाच के खिलाफ बेहद कड़ा मुकाबला खेला। दोनों खिलाड़ियों के बीच चार गेम के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था। निर्णायक गेम में सूरज ने शानदार खेल दिखाते हुए 11-4 से जीत दर्ज की और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। घरेलू दर्शकों के सामने मिली इस जीत के बाद पूरे स्टेडियम में जश्न का माहौल देखने को मिला।

यह जीत भारतीय विश्वविद्यालय स्क्वैश के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सूरज कुमार चंद घरेलू सरजमीं पर एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी चैंपियन बनने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी बने। वहीं, उपविजेता रहे बेनेडेक ताकाच ने हंगरी को दो दशक बाद स्क्वैश में कोई अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाया।

# चलते मैच में मैदान पर बिजली गिरी, झुलस गए खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** थाईलैंड में एक स्थानीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। मंगलवार को एक मैच के दौरान मैदान पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आकर 24 वर्षीय युवा फुटबॉल खिलाड़ी सोफवान अवारे की मौत हो गई। इस भीषण हादसे में मैदान पर मौजूद 12 अन्य खिलाड़ी भी घायल हो गए जिनका इलाज जारी है।

घटना नराथिवाट प्रांत के सुंगई गोलोक शहर स्थित शांतिफाप स्टेडियम की है जहां गोलोक एफए कप का सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा था। शाम करीब 5:30 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसके बावजूद खेल रोका नहीं गया और मैच जारी रहा। इसी दौरान एक जोरदार धमाके के साथ मैदान के



ठीक बीच में बिजली गिरी जिससे खिलाड़ी उसकी सीधी जद में आ गए।

### सोफवान की जान चली गई

बिजली का झटका लगते ही सोफवान अवारे गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गए। मैदान में तैनात मेडिकल रिस्पॉन्स टीम ने तुरंत उन्हें होश में लाने की कोशिश की और आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। मामले की पुष्टि करते हुए सुंगई गोलोक के पुलिस प्रमुख कर्नल थून सिरिखंत ने कहा, इमरजेंसी मेडिकल टीम ने खिलाड़ी की जान बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन हादसे में लगी गंभीर चोटों और बर्न इंजरी के कारण उसकी मौत हो गई।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे घटना के फुटेज में वह भयावह मंजर साफ दिखाई दे रहा है। कैमरे में एक बेहद तेज रोशनी और कान फोड़ देने वाली आवाज दर्ज हुई जिसके तुरंत बाद कई खिलाड़ी ताश के पत्तों की तरह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद पूरे स्टेडियम में हड़कंप मच गया और दर्शक, टीम अधिकारी और सुरक्षाकर्मी घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े।

# अनन्या, दीक्षिका, अंशिका, कनीषा ने बढ़ाया मध्य प्रदेश का मान

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की अनन्या गोधा, दीक्षिका परिहार, अंशिका सिंह, कनीषा माहेश्वरी ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी योग स्पर्धा में पदकीय सफलता हासिल की।

देश के विभिन्न राज्यों की टीमें स्थानीय एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट में अपनी चुनौती पेश कर रही हैं। स्पर्धा के आर्टिस्टिक योग स्पर्धा के अंडर-14 बालिका वर्ग में जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल की दिविशा धिल्डियाल को पहला स्थान मिला। एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की कनीषा माहेश्वरी को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय की वदान्या अग्रवाल को तीसरा स्थान मिला।

अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकोट के राजकुमार कॉलेज की मानस्वी रावेशिया को पहला,





जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल की नव्या वर्मा को दूसरा और इंदौर के डेली कॉलेज की मीशा पटेल को तीसरा स्थान मिला। अंडर-19 बालिका वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की अनन्या गोधा ने स्वर्ण जीता जबकि कर्नाटक के कित्तूर रानी सैनिक स्कूल की लक्ष्मी को रजत और ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय की सिद्धि बडोनिया को कांस्य पदक हासिल हुआ।

बालिका रिदमिक पेयर अंडर-14 बालिका वर्ग में ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय को पहला स्थान मिला। इस टीम में वदान्या अग्रवाल और नविका सिंह शामिल थीं। इंदौर के एमरल्ड हाइट्स स्कूल के लिए दीक्षिका परिहार व अंशिका सिंह ने रजत पदक जीता। जोधपुर के राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की रितिका चौधरी व मायशा लाहोटी ने कांस्य पदक जीता।

अंडर-17 वर्ग में ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय की सेरिल्डा आंगोम व आहाना अग्रवाल को स्वर्ण पदक मिला। एमरल्ड हाइट्स की अविका शर्मा व रिद्धि खत्री को रजत पदक प्राप्त हुआ। राजकोट के राजकुमार कॉलेज की वियोना भागदेव व हीर उंधावद को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### गिरिजा और दीर्घरा जीत के साथ अगले दौर में

**इंदौर।** एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की गिरिजा जाधव और दीर्घरा अहिरवार ने आक्रामक खेल दिखाते हुए जिला शालेय बैडमिंटन चयन स्पर्धा में जीत के साथ अगले दौर में कदम रखा।षजिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्कूल की निदेशक हर्षिता सिंह थीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य निशा अहमद, खेल अधिकारी संजय मिश्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी और प्रशिक्षक उपस्थित थे। इंदौर जिले के लगभग 70 विद्यालयों के 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चार से आठ अगस्त तक चलने वाली स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर इंदौर जिला शालेय टीम का चयन होगा, जो आगामी संभागीय स्पर्धा में हिस्सा लेगी।



# रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल

इंदौर। कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 14वीं सुनीता सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों की टीमें पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग ले रही हैं। बालक वर्ग में तीसरे दिन बालक वर्ग में खेले गए मुकाबलों में डीपीएस राऊ ने शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (नॉर्थ कैंपस) को 16-6, कर्नल एकेडमी महू ने प्रुडेंशियल किड्स स्कूल को 28-4, द न्यू एरा पब्लिक स्कूल ने द न्यू ग्रीन फील्ड स्कूल को 37-12, चोइथराम इंटरनेशनल आईबी स्कूल ने एकाईना स्कूल को रोमांचक मुकाबले में 27-25, श्री सत्य साईं विद्या विहार ने भावना पर्मानेंट स्कूल को 19-6, डीपीएस निपानिया ने आईपीएस राऊ को 51-24, सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल ने द ओमनी स्कूल को 24-8, आर्मी पब्लिक स्कूल महू ने एनडीपीएस को 25-10, माउंट इंडेक्स ने मेडीकैप्स स्कूल को 31-18, एनी बेसेंट स्कूल ने अग्रवाल पब्लिक स्कूल को 35-14, एडवांस एकेडमी ने एमजीएम स्कूल को 22-4, द एमराल्ड हाइट्स 'ए' ने सेंट नॉरबर्ट स्कूल को 42-7, द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल ने सेंट विंसेंट पल्लोटी स्कूल को 23-19, द एमराल्ड हाइट्स ने सराफा विद्या निकेतन को 25-6 तथा शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल ने सामंती हायर सेकेंडरी स्कूल को 51-40 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

# बांग्लादेश के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने उतरेंगे मिचेल स्टार्क

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में एक और नया इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। लगातार अपनी घातक गेंदबाजी से दुनियाभर के बल्लेबाजों को खौफ में रखने वाले इस तेज गेंदबाज के पास आगामी टेस्ट सीरीज में दिग्गजों के क्लब में शामिल होने का सुनहरा मौका है। स्टार्क कपिल देव के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ने के बेहद करीब हैं।

### कपिल देव की बराबरी के लिए एक विकेट की जरूरत

बांग्लादेश के खिलाफ 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होने जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज



स्टार्क के लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खास रहने वाली है। फिलहाल 105 टेस्ट मैचों में 433 विकेट हासिल कर चुके स्टार्क को भारत के महान ऑलराउंडर कपिल देव (434 विकेट) के सर्वकालिक टेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार है। वहीं, अगर वे इस दो मैचों की सीरीज में कुल 7 शिकार करने में सफल रहते हैं तो वे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन (439 विकेट) को भी पछाड़ देंगे।

### 2011 में किया था टेस्ट डेब्यू

साल 2011 में अंतरराष्ट्रीय टेस्ट डेब्यू करने वाले 36 वर्षीय स्टार्क पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक के सबसे मुख्य हथियार रहे हैं। शुरुआती ओवरों में लहराती हुई लेट स्विंग और आखिरी में बल्लेबाजों के पैर उखाड़ने वाली उनकी यॉर्कर गेंदें उनका सबसे बड़ा हथियार रही हैं।

### सिर्फ 3 दिग्गजों से पीछे हैं स्टार्क

अगर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के इतिहास की बात करें तो सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने के मामले में स्टार्क से आगे केवल तीन दिग्गज ही हैं। वे शेन वॉर्न (708 विकेट), नाथन लियोन (567 विकेट) और ग्लेन मैग्रा (563 विकेट) के बाद ऑस्ट्रेलिया के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। यह उपलब्धि उनकी निरंतरता और लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खुद को फिट रखने की क्षमता को बखूबी दर्शाती है। मौजूदा समय में स्टार्क अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में वे महज 8 मुकाबलों में 46 विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज बने हुए हैं।

# दोस्त की बेरहमी से हत्या, लाश को मिट्टी में दबाया

## वारदात के बाद भाग निकला आरोपी, पुलिस ने धार से दबोचा
## गुमशुदगी दर्ज होने के एक दिन बाद खेत की तलाई में दबा मिला शव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में दोस्ती के रिश्ते को तार-तार कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ साथ बैठकर शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक सिरफिरे युवक ने अपने ही दोस्त की धारदार हथियार फलिया से काटकर नृशंस हत्या कर दी। वारदात पर पर्दा डालने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शातिर आरोपी ने शव को खेत के पास बनी तलाई में ले जाकर मिट्टी से दबा दिया और मौके से फरार हो गया। बड़गोंदा पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को पड़ोसी जिले धार से हिरासत में लिया, जहाँ सख्ती से की गई पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बड़गोंदा पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मिथुन उर्फ धर्मेंद्र निवासी खेड़ा गवली पलासिया के रूप में हुई है। मिथुन के अचानक लापता होने पर परिजनों ने एक दिन पूर्व बड़गोंदा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी ही थी कि तभी क्षेत्र में खेत के पास स्थित तलाई में मिट्टी से ढंका हुआ शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को बाहर निकलवाया, जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी धारदार हथियार से हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। जांच के दौरान परिजनों ने पुलिस को अहम सुराग देते हुए बताया कि मिथुन दो दिन पहले अपने दोस्त सुखराम निवासी धार के साथ देखा गया था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम तुरंत धार रवाना हुई और सुखराम को हिरासत में लेकर थाने आई। शुरुआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। आरोपी सुखराम ने बताया कि घटना वाले दिन दोनों ने साथ बैठकर जमकर शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में आकर पास में रखा फलिया उठाकर मिथुन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से आरोपी ने शव को पास ही तलाई की मिट्टी में गाड़ दिया और फरार हो गया।

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

### आरोपी पर पूर्व में दर्ज है हत्या सहित 9 गंभीर अपराध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हीरानगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बीमा अस्पताल के पास खाली मैदान से एक शातिर बदमाश को घेराबंदी कर दबोचा और उसके कब्जे से 10.28ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 9 से अधिक गंभीर मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

हीरानगर पुलिस के अनुसार, गश्त और संदिग्ध चेकिंग के दौरान पुलिस टीम बीमा अस्पताल के पास पहुंची। वहां खाली मैदान में एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखते ही आरोपी भागने लगा, जिस पर पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की पिछली जेब से पारदर्शी पॉलीथिन में भरा भूरे मटमैले रंग का पाउडर बरामद हुआ, जो जांच में ब्राउन शुगर पाया गया। पुलिस ने मौके से 10.28 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अनिकेत उर्फ छोटू पिता प्रेमराज बरबेले निवासी कैलाश का भट्टा, अंजनी नगर के रूप में हुई। आरोपी अपनी असली पहचान छिपाकर वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि उसके खिलाफ हीरानगर, लसूड़िया, पलासिया, परदेशीपुरा और विजयनगर थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से मादक पदार्थ के नेटवर्क और मुख्य सप्लायर के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।



# मिस्त्री ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र के लहिया कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल खुदकुशी के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान गजानंद पिता हरिकिरण (35) निवासी लहिया कॉलोनी, हीरानगर के रूप में हुई है। मृतक के दामाद राकेश ने बताया कि गजानंद पेशे से मिस्त्री का काम करते थे। बीते दिन उन्होंने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों ने जब उन्हें फंदे पर लटके देखा तो तुरंत नीचे उतारा और गंभीर अवस्था में अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हीरानगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## पुरानी रंजिश में विवाद व मारपीट, बीच-बचाव करने आई मां और बहनों को भी पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**तिलक नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जब उसकी मां व बहनें बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो बदमाशों ने उनके साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। पीड़ित नाबालिग किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, 16 वर्षीय पीड़िता ने परिजनों के साथ तिलक नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अशोक मंडलोई, दीपक गोस्वामी, हर्ष और पुनीत सभी निवासी पिपलियाहाना ने उसके भाई जय ठाकुर को पुरानी किसी बात को लेकर घेर लिया और बेवजह गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसके भाई जय ठाकुर ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो दीपक, हर्ष और पुनीत ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। भाई को पिटता देख पीड़िता, उसकी मां रीना ठाकुर और बहन तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इस पर आरोपी और उग्र हो गए तथा तीनों आरोपियों ने मिलकर पीड़िता की मां और बहन के साथ भी हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट कर दी।

## बाइक से शोर मचाने का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बाइक का एक्सीलेटर खींचकर तेज शोर मचाने से मना करने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना टापू नगर इलाके में घटित हुई। यहां रहने वाले 20 वर्षीय रोहन पिता किशन ने जब आरोपियों हिमांशु, देवा और राज को अपनी मोटरसाइकिल से बार-बार एक्सीलेटर देकर तेज शोर करने से मना किया, तो आरोपी विवाद करने लगे। उस वक्त तो आरोपी मौके से चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद रंजिश रखकर तीनों आरोपी वापस लौटे और रोहन को अकेला पाकर उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने विवाद करते हुए धारदार चाकू निकालकर रोहन पर वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## टेम्पो स्टैंड के पास घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र में टेम्पो स्टैंड के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिले एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। राहगिरों और पुलिस की मदद से युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सोनू पिता दलजीत भाटिया (28) के रूप में हुई है। बीते दिन हीरानगर क्षेत्र स्थित टेम्पो स्टैंड के पास सोनू अत्यंत गंभीर और घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। सूचना मिलते ही हीरानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल एंबुलेंस की मदद से उसे एमवाय अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में उपचार के दौरान स्थिति बिगड़ने से युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, युवक के शरीर पर चोट के निशान कैसे आए और वह किन परिस्थितियों में घायल होकर टेम्पो स्टैंड तक पहुंचा, इसका अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। हीरानगर थाना पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि पूरी घटना का सही घटनाक्रम स्पष्ट हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## महिला को रिश्तेदारों में बदनाम करने की दी धमकी, विरोध करने पर की मारपीट, आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला को लगातार बदनाम करने और विरोध करने पर उसके साथ सरेराह मारपीट व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 39वर्षीय पीड़िता ने गांधी नगर थाने में उपस्थित होकर आरोपी फूल सिंह निवासीः अरिहंत नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आए दिन उसे लोगों में और उसके रिश्तेदारों के बीच झूठी बातें फैलाकर बदनाम करने की धमकी देता आ रहा था। आरोपी की इस हरकत से परेशान होकर जब पीड़िता ने उसे ऐसा करने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी फूल सिंह भड़क गया। आरोपी ने पीड़िता को गालियां देना शुरू कर दिया और विरोध करने पर हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट कर दी। जाते-जाते आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।